# खेत से चोरी गई पनडुब्बी मोटर चंद घंटों में बरामद

**खास बातें**

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- दीपनाखेड़ा पुलिस की त्वरित कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 12 जनवरी, थाना दीपनाखेड़ा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए खेत से चोरी गई पनडुब्बी मोटर के मामले में आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद किया है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को फरियादी बलवीर पिता गंगाराम दांगी निवासी ग्राम बामोरीशाला द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि उसके खेत के पास नाले में लगी महिंद्रा कंपनी की 5 एचपी पनडुब्बी मोटर एवं केबिल, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार है, अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है.**

फरियादी द्वारा एक व्यक्ति पर संदेह भी व्यक्त किया गया. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी प्रकाश भिलाला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी शाहरूख उर्फ बूचा निवासी ग्राम बामोरीशाला को ग्राम बामोरीशाला के पास से अभिरक्षा में लिया गया. पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिस पर उसके कब्जे से पनडुब्बी मोटर एवं केबिल कीमती करीब 15 हजार रुपए जप्त की गई. आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. पुलिस की इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रकाश भिलाला, प्रधान आरक्षक सुल्तान पटेल, प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी एवं आरक्षक अनिल कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही.

## सकल हिंदू सम्मेलन स्थल पर होगा भूमि पूजन 19 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**सांची, नगर में 19जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सोमवार बैठक हुई.15 मोहल्लों की व्यवस्था समिति बनाई गई है.कार्यक्रम समिति ने बताया बैठक में मंगलवार दोपहर रामलीला मैदान में हिन्दू सम्मेलन हेतु भूमि पूजन किया जाएगा समिति भूमिपूजन व ध्वज स्थापना का निर्णय लिया गया.**

बताया सम्मेलन से पहले मोहल्ला समिति के स्वयंसेवक घर-घर पीले अक्षत रख हिंदू जनों को न्यौता देंगे. सम्मेलन स्थल रामलीला मैदान में किया जाएगा और क्षेत्र सहित नगर में भगवा ध्वज फहराएंगे.हिन्दू सम्मेलन 19, जनवरी किया जाएगा,जिसमें संत समाज बड़े भक्तों को वक्ताओं को सम्बोधित करेंगे आयोजन से पहले सम्मेलन की बैठक, भंडारा, पेयजल, टेंट आदि की तैयारियां चल रही है.

### एक नजर में

#### विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हुआ पुरस्कार वितरण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, स्थानीय आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल , सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों केडीएम कॉलेज के सानिध्य में संपन्न हुई. प्रतियोगिता के उपरांत आज विद्यालय में पुरस्कार वितरण किए गए. जिसमें आचार्य विद्या वैली से कक्षा 12वी की छात्रा सौम्या जैन ने विद्यालय में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर आराध्य जैन रहे .सुभाष निकेतन में प्रथम स्थान पर रेणुका गुर्जर एवं द्वितीय स्थान पर रिया कुर्मी एवं सरस्वती शिशु मंदिर से प्रथम स्थान पर दिशा रघुवंशी एवं द्वितीय स्थान पर रीना परिहार रही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य जेएन मेहता , प्रदीप श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे. इस अवसर पर विद्यालय से प्रणय जैन, पंकज जैन, अशोक जैन, सत्येंद्र राजपूत एवं प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना , कैलाश व्यास, सुनील कुशवाहा, अखिलेश श्रीवास्तव , मुस्कान शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.

#### तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अशुंल गुप्ता ने वर्ष 2026 के लिए जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है. कलेक्टर गुप्ता के द्वारा जिले में जिन तिथियों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है उनमें गुरूवार 15 जनवरी को मकर सक्रांति , 25 सितम्बर को श्री अनंत चतुर्दशी महोत्सव, और बुधवार 11 नवम्बर 2026 को भाईदूज का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है.

## पुण्यतिथि पर बांटे बच्चों और बुजुर्गों को गर्म कपड़े

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** पंजाबी महिला विकास समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति की अध्यक्ष श्रीमती स्वदेश छाबड़ा परिवार द्वारा उनकी माता जी की पुण्यतिथि में बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्म कपड़े वितरित किए गए.इस अवसर पर समिति की सचिव श्रीमती अनीता अरोरा पायल अरोरा, मंजू अरोरा, नवनीत छाबड़ा, प्रीत छाबड़ा, रेखा अरोरा, संध्या अरोरा, राज अरोरा, सुदेश अरोरा, रजनी मेहता,अजुनी छाबड़ा, नन्हीं रुबाणी छावड़ा सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहीं.


## देवपुर मेले में वाहनों से टोल टैक्स ना लेने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, कांग्रेसियों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन देकर मकर सक्रांति पर्व के देवपुर मेले को देखते हुये 14 एवं 15 जनवरी को वाहनों का टोल टेक्स शुल्क मुक्त किये जाने की मांग की. इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम देवपुर नगर सिरोंज से लगभग 13 किमी पर आरोन रोड़ पर स्थित है. यहां पर भगवान विश्वनाथ जी का प्राचीन मंदिर है.**

मंदिर पर प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के पर्व पर मेले का आयोजन किया जाता है. उक्त मेले में सिरोंज नगर एवं आसपास के नागरिक भगवान विश्वनाथ जी के दर्शन करने देवपुर आते है. जिनकी संख्या हजारो में होती हैं. ग्राम देवपुर तथा नगर सिरोंज के बीच शासन द्वारा टोल टेक्स नाका बनाया गया है. जिसपर प्रत्येक वाहन पर निकाले जाने पर कर वसूला जाता है. उक्त कर आने का एवं जाने का वसूला जाता है. यदि उक्त टोल टेक्स मेले के समय पर 14 एवं 15 जनवरी को वसूला जाता है, तो धर्मप्रेमियो को अनावश्यक व्यय भार होगा. उन्होंने मकर संक्रांति मेले को दृष्टिगत रखते हुये पूर्व वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 14 एवं 15 जनवरी को टोल टेक्स नाका आरोन रोड़ सिरोंज से वाहनों को जनहित में आने जाने के लिये मुक्त टोल टेक्स किये जाने की मांग की. इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव विनोद सेन, केसर खांन, अवध नारायण श्रीवास्तव, असलम सिद्धिकी, कमल सिंह यादव, ज्योतेंद्र जोशी, सादिक कुरैशी, सुब्हान गौरी, मुस्तक सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे.

## गडरमल मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, पर्यटक परेशान



**नवभारत न्यूज**

**पठारी 12 जनवरी, पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक गडरमल मंदिर में पर्यटकों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है. मंदिर तक मुख्य मार्ग से लगभग 800 मीटर लंबा पहुंच मार्ग आज भी दुरुस्त नहीं है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आने-जाने में कठिनाई होती है. इसके साथ ही गडरमल मंदिर परिसर में पेयजल एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था नहीं होने से पर्यटक खासे परेशान हैं.**

दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों ने पुरातत्व विभाग से मांग की है कि मंदिर के महत्व और बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए शीघ्र ही पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाए तथा पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके.

## 19 को होगा हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** नगर में 19जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सोमवार बैठक हुई. 15 मोहल्लों की व्यवस्था समिति बनाई गई है. कार्यक्रम समिति ने बताया बैठक में मंगलवार दोपहर रामलीला मैदान में हिन्दू सम्मेलन हेतु भूमि पूजन किया जाएगा समिति भूमिपूजन व ध्वज स्थापना का निर्णय लिया गया.बताया सम्मेलन से पहले मोहल्ला समिति के स्वयंसेवक घर-घर पीले अक्षत रख हिंदू जनों को न्यौता देंगे.सम्मेलन स्थल रामलीला मैदान में किया जाएगा और क्षेत्र सहित नगर में भगवा ध्वज फहराएंगे.

## डंगरवाड़ा में 9 दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन,14 को कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**शमशाबाद,** बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण डंगरवाड़ा में 9 दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया जा रहा है. रामकथा का 15 जनवरी से होगा और समापन 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर किया जाएगा. कथा का वाचन कथा व्यास पंडित अंकुर माधव महाराज के मुखारविंद से होगा.रामकथा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है.आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु गांव-गांव प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन को आमंत्रित किया जा रहा है.कथा के मुख्य यजमान मोहन सिंह धाकड़ रहेंगे.बाबा रामदेव मंदिर के संरक्षक अशोक सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि रामकथा का शुभारंभ 14 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जबकि 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन भंडारे के साथ समापन होगा.आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं.

## समाज में समरसता पर्यावरण संरक्षण कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी जागरण का किया आव्हान



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज नटेरन में नटेरन मंडल के सभी 10 ग्रामों का हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन मांगलिक भवन सेऊ रोड नटेरन पर किया गया. मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन में 8- 10 ग्रामों के सैकड़ो नागरिकों ने सहभागिता की जिससे पूरा क्षेत्र धर्म मय एवं राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत प्रोत नजर आया कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा तहसील मंदिर नटेरन से होते हुए मांगलिक भवन तक निकाली.इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. सम्मेलन में पूज्य संत श्री महेश्वर दास जी महाराज गंजबासौदा, जुगल किशोर जी महाराज भैरव बाबा मंदिर नटेरन एवं भक्त वत्सल दास जी महाराज बूढ़े की पहाड़ी एवं बालक दास जी महाराज साकेत धाम मूडरा पीतांबर तथा महावीर दास जी महाराज तहसील मंदिर नटेरन एवं विशाल जी जिला प्रचारक जी की उपस्थित रहे. संत महात्माओं ने अपने प्रवचनों में हिंदू समाज को जातिवाद में न वट कर एक साथ मिलजुल कर रहने एवं परस्पर समरसता का भाव अपनाने का संदेश दिया साथ ही हिंदू समाज को अपने शास्त्रों का अध्ययन करने का संदेश दिया एवं घटती हिंदु आबादी पर गहरी चिंता जताते हुए हिंदुओं को अपने परिवार बढ़ाने एवं परिवार की संख्या बढ़ाने पर बल दिया. महंत श्री महेश्वर दास जी महाराज ने कहा कि भारत भूमि पुण्य भूमि है.इस पर रहने वाले हम सब भारत मां की संतान हैं लेकिन कुछ राजनीतिक लोग हम लोगों को जाति के नाम पर आपस में लड़ा कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं.

## राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** राजस्व वसूली की प्रगति में तेजी लाने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्रीमती मोहनी शर्मा द्वारा जिले के समस्त तहसीलदारों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं. उन्होंने निर्देशित किया है कि राजस्व वसूली से संबंधित सभी जानकारियां प्रतिदिन शाम 5 बजे तक गूगल शीट में अनिवार्य रूप से अद्यतन की जाएं, जिससे जिले स्तर पर वसूली की सतत निगरानी की जा सके.संयुक्त कलेक्टर ने यह भी कहा कि निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक तहसील में विशेष अभियान चलाया जाए.अभियान के अंतर्गत बकाया राजस्व की पहचान कर संबंधित मामलों में नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में की गई कार्यवाही एवं प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी.

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**यातायात नियमों की दी जानकारी**

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरुकता कार्यक्रम**




**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस सिरोंज द्वारा निरंतर जन जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं. इसी क्रम में सोमवार को एसडीओपी सोनू डाबर एवं थाना प्रभारी विमलेश राय और यातायात प्रभारी रितेश वाघेला की उपस्थिति में केडीबीएम स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का दिया गया. साथ ही शासन की राह वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई. तथा दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया. यातायात पुलिस सिरोंज द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वह यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता प्रदान करें.

## सामूहिक सूर्य नमस्कार में पहुंचे एक दर्जन स्कूली बच्चे

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर के साहू स्टेडियम में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ जहां एक दर्जन शासकीय अशासकीय स्कूलों के बच्चे एवं शिक्षक साहू स्टेडियम में एकत्रित हुए जहां 9 बजे से मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना गया.वहीं रेडियो पर सीधा प्रसारण सुनकर बच्चों ने योग अभ्यास किया.तत्पश्चात सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित किया गया.जिसकी पूजन पंडित रमेश रिछारिया द्वारा मंत्र चरण किए गए एवं सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी प्राचार्य चंद्रेश यादव द्वारा फूल माला अर्पित कर तिलक लगाकर दीप प्रयुक्त किया गया.वहीं रेडियो पर सीधा प्रसारण प्रारंभ होते ही सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार की मुद्रा में रहकर कार्यक्रम को संपन्न कराया गया. इस दौरान नगर के गणमन नागरिक पत्रकार शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे एवं मंच संचालन शिक्षक जगदीश श्रीवास्तव ने किया.



## युवा दिवस के रूप में मनी विवेकानंद जयंती

**निकली स्वदेशी संकल्प दौड़**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया. स्वदेशी संकल्प दौड़ को प्राचार्य डॉक्टर बीडी अहिरवार द्वारा झंडी दिखाकर प्रारंभ किया तथा महाविद्यालय में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति के समक्ष दौड़ समाप्त हुई.तत्पश्चात स्वामी जी को प्राचार्य महोदय द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.बी.डी.अहिरवार ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का विश्लेषण किया. साथ ही युवा दिवस की थीम स्वदेशी संकल्प विषय पर छात्राओं तथा स्टाफ को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम का आयोजन कीड़ा विभाग के तत्वाधान में किया गया.संचालन डॉ मनोज कुमार अहिरवार कीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया.इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे.

## 3000 से अधिक हिंदुओं की मौजूदगी में मेहलुआ चौराहा में गूंजा एकता का शंखनाद




**नवभारत न्यूज**

**मेहलुआ चौराहा,** हिंदू समाज को कर्मकांड तक सीमित न रहकर अपने आचरण और संस्कारों में धर्म को उतारना होगा. जाति-पाति का भेद ही समाज को कमजोर करता है, जबकि संगठित समाज ही धर्म और राष्ट्र की रक्षा कर सकता है. उक्त उद्गार खंड कुरवाई के मेहलुआ चौराहा स्थित हरिसिंह हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में संपन्न हुए विशाल हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए महंत 1008 महावीर प्रसाद जी महाराज (झांसी) ने व्यक्त किए. हर घर में रामायण और गीता पाठ को आवश्यक बताते हुए महंतश्री ने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया. सम्मेलन में क्षेत्रभर से आए करीब 3000 सनातन प्रेमियों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से ऐतिहासिक बना दिया.सम्मेलन के दौरान पूरा परिसर भगवा पताकाओं, जयघोष और राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा.मुख्य वक्ता संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख, प्रमोद चौहान ने कहा कि राष्ट्र का उत्थान तभी संभव है जब व्यक्ति का चरित्र मजबूत हो. उन्होंने उपस्थित जनसमूह से एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया.महिला वक्ता के रूप में उपस्थित जयश्री रघुवंशी ने कहा कि यदि महिलाएं स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता और नागरिक अनुशासन को अपनाएं, तो समाज स्वत: सशक्त होगा. उन्होंने महिलाओं को परिवर्तन की धुरी बताया.सम्मेलन में बच्चों और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों को भावविभोर कर दिया. श्रीराम स्तुति, राष्ट्रभक्ति गीत, 'माय भवानी', 'वो कृष्णा है' तथा 'सोशल मीडिया जागरूकता' जैसे विषयों पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं.समापन अवसर पर खंड शारीरिक प्रमुख महेंद्र सिंह दांगी एवं खंड कार्यवाह महेश कुशवाह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया. सम्मेलन में विद्यालय के संचालक अशोक सिंह ठाकुर, रणधीर रघुवंशी, दीपक तिवारी, लल्लू शर्मा, प्रेमशंकर शर्मा, सुरेंद्र रघुवंशी, मुकेश तिवारी, रामबाबू विश्वकर्मा, शैलेंद्र रघुवंशी, प्रिंस यादव, प्रकाश नामदेव, राजेंद्र नामदेव, हुकुम राजपूत और जतिन रघुवंशी उपस्थित रहे.




**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।


**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 के तहत चौदहवां चरण संपन्न**

# कड़ाके की सर्दी में भी जारी रहा नदी पर स्वच्छता अभियान



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,कड़ाके की ठंड और प्रतिकूल मौसम के बावजूद नदी स्वच्छता के प्रति समर्पित श्रमदान दल का संकल्प कमजोर नहीं पड़ा.रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत चौदहवें चरण का नदी स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**

हर रविवार की परंपरा को निभाते हुए श्रमदान दल के सदस्य प्रात:काल घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों व आसपास फैले कचरे की सफाई की. इस दौरान घरेलू अपशिष्ट, पूजाङ्कहवन के पश्चात शेष सामग्री, प्लास्टिक-पॉलिथीन, मुंडन संस्कार के अवशेष एवं अन्य कचरा एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया.दल के सदस्यों ने बताया कि कड़ाके की सर्दी के बावजूद निरंतर श्रमदान यह संदेश देता आ रहा है कि नदी स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सतत संकल्प का विषय है.श्रमदान दल का मानना है कि नदी स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह सोच, व्यवहार और संस्कार में परिवर्तन की प्रक्रिया है. जब तक समाज यह नहीं समझेगा कि नदी में फेंकी गई प्रत्येक वस्तु अंतत: हमारे ही जीवन को प्रभावित करती है, तब तक कोई भी अभियान स्थायी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता.दल ने स्पष्ट किया कि मुंडन संस्कार के पश्चात बालों को घाटों पर छोड़ना,पूजनङ्कहवन सामग्री को सीधे नदी में प्रवाहित करना,घाटों पर तेल, साबुन और शैंपू का उपयोग करना,तथा प्लास्टिक, ब्लेड और घरेलू कचरे को लापरवाही से फेंकना ये सभी क्रियाएँ आस्था नहीं, बल्कि अज्ञानता और लापरवाही का प्रतीक हैं.

### छोटी लापरवाही, बड़ा नुकसान

विशेषज्ञों के अनुसार, मानव बाल, प्लास्टिक और रासायनिक पदार्थ पानी में लंबे समय तक नष्ट नहीं होते. इससे—जल में ऑक्सीजन की मात्रा घटती है,जलीय जीवों का जीवन संकट में पड़ता है, और नदी की स्वाभाविक स्वच्छता नष्ट होती है. यह प्रभाव धीरे-धीरे पीने के पानी, कृषि और मानव स्वास्थ्य तक पहुँचता है.

## योगाचार्य के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

**सैंट एसआरएस स्कूल में युवा दिवस कार्यक्रम सम्पन्न**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, योग चित्त की वृतियों से मुक्त होने का अध्यात्म विज्ञान है.यदि साधक अकेला सूर्य नमस्कार को दिनचर्या का अंग बना ले, तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर परमात्मा स्वरूप हो जाता है.योग और मंत्र जाप की शक्ति से नरेन्द्र विवेकानंद बन सके.**

यह बात स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की बालक/बालिका इकाई द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती के तहत युवा सप्ताह सेवा श्रम कार्यक्रम में योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने संस्था के छात्र-छात्राओं से कही.संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ही बालक का शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और चारित्रिक विकास करना है.संस्था द्वारा संत श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्श वाक्य व्यक्ति के निर्माण से युग का निर्माण करने की प्रक्रिया को निभाया जा रहा है.सोमवार इसी क्रम में योगाचार्य रघुवंशी के मार्ग दर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार, आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया. सेवा के स्वच्छता अभियान अन्तर्गत स्कूल परिसर में पॉलीथिन उन्मूलन और सफाई अभियान चलाया और बाटिका निर्माण जैसे कार्यक्रम संपन्न कराए गए एवं शिक्षक परिवार ने युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार का सामूहिक रूप से अभ्यास किया.